तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 14 नवंबर 2024

धान की खरीदी आज से होगी शुरू, 31 सौ रुपए... 12



बस्तर ओलंपिक-2024 का उन्मुक्त... 12





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

### अनियमितता : किसानों की शिकायत पर मामले की हुई जांच, रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का दर्ज हुआ मामला

# केंवटी के प्रबंधक, कंप्यूटर आपरेटर व अन्य 4 स्टाफ ने 68 किसानों के साढ़े 23 लाख को डकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत केंवटी की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के शाखा प्रबंधक, कंप्यूटर आपरेटर और अन्य तीन ने मिलकर इस समिति के क्षेत्र के 68 किसानों की 23 लाख 42 हजार 662 रुपए निकालकर 6 कर्मचारी डकार गए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर शाखा भानुप्रतापपुर के शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर शाखा भानुप्रतापपुर के शाखा प्रबंधक 53 वर्षीय शाहिन खान पति अब्दुल खलील खान ने भानुप्रतापपुर पुलिस को बताया कि शाखा भानुप्रतापपुर में 27 सितंबर 2023 से शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ हूं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केवटी के प्रभारी प्रबंधक मनोहर महावीर, कम्पयूटर आपरेटर अनिल टांडिया, ओमप्रकाश जाड़े, वीरेन्द्र टांडिया, भोजराज जैन एवं पवन कुमार के द्वारा 15 मार्च 2024 से 15 मई 2024 मे मध्य आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केवटी के 68 किसानों के खाते से पैसा निकालकर डकार गए है। किसानों के द्वारा शिकायत किए जाने पर मामले की बैंक के द्वारा जांच किया गया और जांच सही पाए जाने पर भानुप्रतापपुर थाना में 6 कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।



#### परवी के 9 किसानों को ठगा

परवी निवासी धुरवाराम पिता दुखराम का 31 हजार 503 रुपए, मेहरू पिता बीजूराम 11 हजार 540 रुपए, सुखमाय पिता सनऊ का 69 हजार 461 रुपए, तुरसिंह पिता प्रभुराम का 64 हजार 894 रुपए, सुकदूराम पिता श्रवण का 30 हजार 988 रुपए, सुकमीबाई सोनसिंह का 20 हजार, बुधोबाई देवनाथ का 37 हजार 604 रुपए, मथुरा बाई खेदूराम का 51 हजार 17 रुपए से ठगा, बिदेराम लक्ष्मण का 27 हजार 359 रुपए को ठगा।

#### घोठा के 8 किसानों को ठगा

घोठा निवासी देवती बाल सिंह का 21 हजार 916 रुपए, मंगतराम पिता गनवा राम का 4 हजार 441 रुपए, पतिराम पिता मेहरू का 19 हजार 15 रुपए, बिरसिंग पिता बलदूराम 3 हजार 550 रुपए, चैतराम पिता लालसिंह का 13 हजार 934 रुपए, दुरूगसिंग पिता केपेराम का 6 हजार 240 रुपए, तुलसो बाई महावीर का 40 हजार रुपए, रमगू गुपदेव का 50 हजार 534 रुपए को ठगा।

#### भीरागांव व घोटिया के 6-6 किसानों को ठगा

भीरागांव निवासी नंदलाल पिता नोहरसिंह 15 हजार रुपए, शांतिबाई मानसिंग का 76 हजार 696 रुपए, हरिशचंद पिता पाटला राम का 39 हजार 356 रुपए, तामेश्वरी पिता बाबूलाल का 12 हजार 440 रुपए, सराधु पिता मानचूराम 21 हजार 134 रुपए, रामेश्वरी ब्रिजलाल का 6 हजार 406 रुपए और घोठिया निवासी विमल मनाराम का 30 हजार रुपए, सुनाबाई बिसाल का 4 हजार 923 रुपए, सुरेश लक्ष्मण का 13 हजार 335 रुपए, संतलाल छबिलाल का 46 हजार 481 रुपए, रामसिंह राजू का 51 हजार 17 रुपए, दसमत बाई लक्ष्मण का 15 हजार रुपए और बोटचांग निवासी रानूराम मनकुर का 3 हजार 462 रुपए, सुकोबाई दरबारी का 27 हजार 700 रुपए, सुखराम महंत 7 हजार 37 रुपए, बोधिराम बिदऊ का 3 लाख 7 हजार 979 रुपए, बिरसूराम रैनूराम का 24 हजार 640 रुपए, राधेराम मंगलू राम का 20 हजार 993

#### भीरागांव के सात किसान ठगे गए

भीरागांव निवासी नंदलाल नोहरसिंह 15 हजार रुपए, शांतिबाई मानसिंग का 76 हजार 696 रुपए, हरिशचंद पाटला राम का 39 हजार 356 रुपए, तामेश्वरी बाबूलाल का 12 हजार 440 रुपए, सराधु मानचूराम 21 हजार 134 रुपए, रामेश्वरी ब्रिजलाल का 6 हजार 406 रुपए, सखाराम ईतवारी का 58 हजार 965 रुपए

#### घोठिया व बोटचांग के 6-6 किसान ठगे गए

घोठिया निवासी विमल मनाराम का 30 हजार रुपए, सुनाबाई बिसाल का 4 हजार 923 रुपए, सुरेश लक्ष्मण का 13 हजार 335 रुपए, संतलाल छबिलाल का 46 हजार 481 रुपए, रामसिंह राजू का 51 हजार 17 रुपए, दसमत बाई लक्ष्मण का 15 हजार रुपए और बोटचांग निवासी रानूराम मनकुर का 3 हजार 462 रुपए,

सुकोबाई दरबारी का 27 हजार 700 रुपए, सुखराम महंत 7 हजार 37 रुपए, बोधिराम बिदऊ का 3 लाख 7 हजार 979 रुपए, बिरसूराम रैनूराम का 24 हजार 640 रुपए, राधेराम मंगलू राम का 20 हजार 993 ठगे गए।

#### हरहरपानी व विक्रमगंज के 5-5 किसानों को ठगा

हरहरपानी निवासी मेहत्तर दुखवा राम 1 लाख11 हजार 874 रुपए, उर्मिला नंदलाल का 6 हजार 141 रुपए, नंदूलाल सुकदेव का 13 हजार 934 रुपए, बजनाथ हिरालाल 15 हजार रुपए, हरहरपानी निवासी सिंगराय दरबारी का 19 हजार 650 रुपए और विक्रमगंज निवासी रामसिंग पिता राजूराम का 21 हजार 17 रुपए, संतुराम पिता मांझीराम का 32 हजार 241 रुपए, प्रीतराम पिता रोहिदास का 39 हजार 156 रुपए, बिसनाथ पिता रामजी का 1 लाख 10 हजार रुपए, चैतराम पिता रोहिदास का 20 हजार 856 रुपए ठगा।

#### केवटीं के चार किसान को ठगा

केंवटी निवासी जयंती बाई रामसाय का 47 हजार 393 रुपए, लक्ष्मण सुखराम का 7 हजार 154 रुपए, कंवल सिंह फुलसिंह का 23 हजार 84 रुपए, देवनाथ घोरसा का 19 हजार रुपए गबन किया।

#### तीन तीन किसान ठगने वाले 2 गांव

जनकपुर निवासी सुरजो बाई धरमुराम का 7 हजार 700 रुपए, नवलसिंह कुल्लो का 7 हजार 955 रुपए, सुकबती मांगता का 2 हजार 24 रुपए और अलवरखुर्द निवासी सवित्री केशव 45 हजार रुपए, मेसोराम पिता हिरेसिंग 1 लाख 3 हजार 934 रुपए, रामेश्वरी बृजलाल का 31 हजार रुपए।

#### दो - दो किसान ठगने वाले 4 गांव

मोहगांव निवासी बैसाखिन कासींराम का 45 हजार 867 रुपए, मुकेश चैतराम का 26 हजार 212 रुपए और पुतरवाही निवासी घसियाराम युतियार 16 हजार 738 रुपए, लखन लाल चमरू का 46 हजार 643 रुपए और सोनेकन्हार निवासी मंगल राम जैनू राम का 4 हजार 788 रुपए, हरसिंग मंसाराम का 780 रुपए और बिरकोंदल निवासी सरिता बाई मैनू का 17 हजार 282 रुपए, रामदयाल मानसिंग का 34 हजार 412 रुपए को ठगा।

#### एक-एक किसान ठगने वाले 4 गांव

बागवाही निवासी रजनी दिलीप का 33 हजार रुपए, तुमरीकुही निवासी शांतिबाई सावजी का 30 हजार 133 रुपए, खड़का निवासी अन्नूराम बलीराम का 45 हजार 52 रुपए और भुरका निवासी सुबेसिंह रामाराव 59 हजार 393 रुपए को ठगा गया।

#### एक माह बाद दर्ज हुई एफआईआर

घटना की जानकारी उप पंजीयक कार्यालय सहकारी संस्थायें कांकेर को अवगत कराया गया था, जिसके पश्चात विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के प्रभारी सहकारिता विस्तार अधिकारी प्रमोद साहू प्रभारी के द्वारा जांचकर रिपोर्ट भेजा गया। कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एव उप पंजीयक सहकारी संस्था के आदेश क्र0-उपकां/शिकायत/2024/471/ कांकेर 7 अक्टूबर 2024 के माध्यम से प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराने आदेश दिए जाने पर लिखित में प्रार्थी ने आवेदन दिया।

#### प्रबंधक सहित 6 पर दर्ज हुआ मामला

भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर 68 किसानों के साथ ठगी करने वाले आरोपी आदिम जाति सहकारी समिति केंवटी के प्रबंधक मनोहर महावीर, अनिल टांडिया, ओमप्रकार जाड़े, विरेन्द्र टांडिया, भोजराज जैन एवं पवन कुमार के विरुद्ध धारा 420, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर को, अधिवक्ता संघ की हुई बैठक




**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष आनंद कुमार ध्रुव द्वारा अधिवक्ता संघ के साथ बैठक कर चर्चा किया। अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया कि वे अपने पक्षकारों के प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए जाने के संबंध में समझाईश देने और उसे राजीनामा हेतु चर्चा करने के लिए न्यायालय समक्ष लेकर आएं। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भास्कर मिश्र, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### दंत फ्लोरोसिस से ग्रसित बच्चों का करेंगे उपचार

**कांकेर।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर में दंत फ्लोरोसिस से ग्रसित मरीजों के लिए विशेष कॉस्मेटिक उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि विशेष उपचार शिविर का आयोजन 14 नवम्बर, 19, 21, 26 और 28 नवम्बर को दंत फ्लोरोसिस के मरीजों का कॉस्मेटिक सौंदर्यीकरण का उपचार सुबह 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक आवश्यक परीक्षण कर उपचार किया जाएगा। उपचार के दौरान मैदानी स्तर पर कार्यरत सेवा प्रदाताओं और चिरायु टीम भी मौजूद रहेगी।

## मोमोस वाले के साथ हो रहे विवाद का बचाव करने गए युवक की तीन दबंगों ने कर दी पिटाई

**कांकेर।** शहर के नया बस स्टैण्ड के पास मोमोस दुकान के पास हुई मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी अपने दोस्तों के साथ मोमोस दुकान में आया और दुकान वाले को पूछे बिना ही मोमोस को खाने लगा। दुकान वाले ने मना किया तो विवाद करने लगा। विवाद को देख बगल में खड़े युवक ने बीच-बचाव करने की कोशिश किया, दबंग युवकों ने बीच बचाव करने वाले युवक के साथ मारपीट कर दिया। थाना में शिकायत करने पहुंचे कोण्डागांव जिला के बटराली निवासी 21 वर्षीय लोकनाथ डे पिता लखन डे ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में दीपेश साहू पिता दामोदर साहू के घर एमजी वार्ड कांकेर के मकान में किराए में रहकर हार्डवेयर



के दुकान में काम करता हूं। नया बस स्टैण्ड कांकेर में 12 नवंबर को शाम करीब पौने 8 बजे मैं तथा मेरा दोस्त रजत सिंह राजपूत मोमोस दुकान में मोमोज खा रहे थे, उसी समय एमजी वार्ड का निवासी बल्ला मंडावी तथा उसका अन्य दो साथी मोमोस दुकान वाले को बगैर पूछे काउंटर से मोमोस उठाकर खाने लगे, तब मोमोस दुकान वाले ने मना किया, बल्ला तथा उनके दोनों साथी मोमोस वाले के साथ झगड़ा विवाद करने लगे। झगड़ा विवाद को देखकर मैं बीच बचाव करने लगा, इतने में ▶▶| शेष पेज 10 पर




## मुख्य सचिव ने वर्चुअल बैठक लेकर धान खरीदी संबंधी तैयारियों की किया समीक्षा

**कांकेर।** प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने 13 नवम्बर को सभी कमिश्नर एवं जिलों के कलेक्टरों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर गुरूवार 14 नवम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी के संबंध में संभागवार समीक्षा किया। मुख्य सचिव ने धान खरीदी पर चर्चा करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए। एनआईसी कक्ष में आयोजित वर्चुअल वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर डोमन सिंह और कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने संभाग एवं जिले में धान खरीदी संबंधी की गई व्यवस्थाओं के बारे बताया। इसके अलावा बैठक में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन, हाईकोर्ट के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आवारा एवं लावारिस पशुओं का प्रबंधन, जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत एफएचटीसी वाले ग्रामों के अलावा आय, जाति, निवास व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के शत-प्रतिशत सैच्युरेशन विषयों पर आवश्यक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बस्तर ओलंपिक में विधायक व कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों को अतिथि नहीं बनाने कांग्रेस ने किया सीएम का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखण्ड दुर्गूकोंदल में आयोजित बस्तर ओलंपिक 2024 में विधायक सावित्री मंडावी सहित कांग्रेस समर्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अतिथि नहीं बनाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सामने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रर्दशन किया।

बस्तर ओलंपिक खेल में दुर्गूकोंदल के अधिकारियों के द्वारा विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की भेदभाव करने को लेकर कांग्रेसी नाराज हो गए और अधिकारियों की लापरवाही के चलते सीएम का पुतला फूंका। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का कहना है कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बैठी है, कांग्रेस समर्थित विधायक सहित सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव कर रही है। भाजपा के नेता स्थानीय कार्यकर्ताओं के इशारे पर विकासखंड दुर्गूकोंदल के अधिकारी भी



खुलकर राजनीति कर रहे हैं और कार्यक्रमों में उपेक्षा कर रहे हैं। कांग्रेस और बीजेपी एक दूसरे के विपक्षी पार्टी हैं पर अधिकारियों के द्वारा उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी के हाथों बस्तर ओलंपिक की शुभारंभ होनी चाहिए, लेकिन भाजपा नेता और अधिकारियों ने मिलकर विधायक को अतिथि बनाना भी उचित नहीं समझा। भाजपा सरकार और दुर्गूकोंदल ब्लाक के अधिकारियों की दुर्भावना पूर्वक कार्यशैली की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। विधायक को ग्राम कोंडे में शिक्षा विभाग ने शाला प्रवेशोत्सव और महिला बाल विकास विभाग ने सामूहिक निर्धन कन्या विवाह में अतिथि नहीं बनाया था। विधायक सहित क्षेत्र की कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। सरकारी आमंत्रण पत्र में भाजपा संगठन के पदाधिकारियों को अतिथि बनाया गया है, जो पूर्ण रूप से गलत है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य धनीराम ध्रुव, मुकेश्वरी नरेटी, सविता उईके, राजू संघोड़िया, आनन्द तेता, सियाराम दर्रो, बाबूलाल कोला, नरेन्द्र पटेल, कमल ठाकुर, नसीब बढ़ाई, अनूप दीवान, पार्वती शोरी, घनश्याम ठाकुर, परमेश्वर बघेल, रामजी पुड़ो, रामकिशोर कोवाची, बृजलाल ध्रुव, केशर शोरी, संतु राम पुड़ो, पूरन बघेल पुतला दहन में शामिल रहे।

### देवउठनी एकादशी पर किया गया शालिग्राम व तुलसी विवाह

## निद्रा से जागे श्रीहरि, शादियों का सीजन शुरू, जून तक 73 से ज्यादा मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देवउठनी एकादशी पर सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ तुलसी का विवाह कराने के साथ मांगलिक कार्यों का दौर भी शुरू हो गया। इसके साथ ही अगले 8 महीने यानी जून माह तक शादियों का दौर शुरू हो गया है।

देवउठनी एकादशी यानी भगवान विष्णु 3 महीने 26 दिन को योग निद्रा के बाद मंगलवार को जाग गए हैं। देव उठने के साथ ही शादी के मुहूर्त शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों को भी शुरूआत हो गई है। सबसे ज्यादा 15 मुहूर्त मई माह में हैं। ज्योतिषाचार्यों और भगवताचार्यों ने बताया कि भगवान विष्णु हर साल आषाढ़ महीने की एकादशी पर सोते हैं और कार्तिक महीने की एकादशी पर जागते हैं। जागने वाली एकादशी को देव प्रबोधिनी कहते हैं। पंडितों का कहना है कि भगवान सोते नहीं, बल्कि योग निद्रा में चले जाते हैं, यह एक तरह का मेडिटेशन होता है। इसे ही आमतौर पर भगवान का सोना कहा जाता है। मान्यता है कि जब भगवान विष्णु शयन करते हैं, तब शादियां और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक काम नहीं करते। इस दौरान सिर्फ पूजा-पाठ होते हैं। भगवान के जागने के बाद ही मांगलिक कामों के लिए मुहूर्त शुरू होते हैं।

#### शिव संभालते है सृष्टि का संचालन

भगवान विष्णु चार माह योग निद्रा में रहते है, इन चार माह में सृष्टि का संचालन भगवान शिव संभालते है। इसीलिए सावन का एक माह में श्रद्धालु शिव की पूजा करते रहते है। यह चार माह भगवान शिव का राज रहता है।




#### आठ माह में विवाह के यह है मुहूर्त

पंडितों की माने तो अगले 8 महीने में नवंबर में 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28, 29, दिसंबर में 4, 5, 9. 10, 14, जनवरी 2025 में 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 24, 26, 27, फरवरी 2025 में 2, 3, 6, 7, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 23, 25, मार्च 2025 में 1, 2, 6, 7 अप्रैल 2025 में 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30, मई 2025 में 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16. 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28, जून 2025 में 2, 4, 5, 7 और 8 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। इन तारीखों को विवाह काफी शुभ माना गया है।

### प्रशिक्षण के लिए हुई बैठक में दिए निर्देश



**कांकेर।** 15 नवंबर को बिरसा मुंडा के 150 वीं जन्म दिवस के अवसर जनजातीय गौरव दिवस मनाने के लिए विशेष ग्राम सभा आयोजन करने के सबंध में जनपद पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में बैठक करते हुए दिशा निर्देश दिए गए। ग्राम सभा में पेशा कानून एफआरए, एलएसडीजी एवं पीडीआई विषय पर प्रशिक्षण का आयोजित किया जाना है। ग्राम पंचायत स्तर के रिसोर्स पर्सन व सचिवों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### विधायक व कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्टेडियम का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कनेरा रोड स्थित निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत भी उनके साथ उपस्थित रहे। यह स्टेडियम का निर्माण पिछले कई वर्षों से रुका हुआ है, जिसे अब नये सिरे से टेंडर जारी कर फिर से शुरू किया जाएगा। यह स्टेडियम सभी प्रकार के खेलों के लिए बनाया जाएगा, जिनमें क्रिकेट, खो–खो, कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल आदि प्रमुख होंगे। साथ ही यहाँ रात्रिकालीन खेल भी आयोजित किए जा सकेंगे। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजस्व प्रकरणों के निपटारे में लाएं और तेजी : कलेक्टर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में राजस्व के विभिन्न लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय–सीमा के भीतर करें, ताकि आम नागरिकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निपटारे में प्रगति लाने के लिए पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों पर कार्रवाई की जानकारी ली।

### दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत दियागांव निवासी 34 वर्षीय रामेश्वर उसेंडी का सड़क दुर्घटना में 1 नवंबर को मौत हो गया। भानुप्रतापपुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कोरर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### पेज 9 के शेष

#### मोमोस वाले के...

बल्ला तथा उनके दोनो साथी मुझे तुम बीच बचाव करने वाले कौन होते हो कहकर तीनों एक राय होकर गाली देने लगे और आज तुझे जान से मार डालेंगे की धमकी देने लगे। इसी बीच बल्ला का एक साथी अपने पास रखे किसी धारदार वस्तु से वार करने से मेरे दाहिने हाथ में चोट आया और खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया है।

#### मुख्य सचिव ने...

निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 789 बोरों में 364 क्विं. धान व मक्का जब्त, खरीदी के पहले बने चेकपोस्ट पर पकड़े गए

## धान के अवैध परिवहन व बिक्री पर जिला प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए 14 नवंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रें में 21 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जिसमें पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 24 घंटे वाहनों की जांच की जा रही है। इसके अलावा 5 उड़नदस्ता टीम के द्वारा भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। साथ छोटे व्यापारियों एवं बिचौलियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में आज कृषि उपज मंडी समिति कोण्डागांव क्षेत्रातंर्गत 25 अक्टूबर से 9 नवंबर की स्थिति में छोटा व्यापार पंजीयन प्राप्त कर क्रय–विक्रय करते पाये जाने पर पांच व्यापारियों के खिलाफ जब्ती का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। इनमें ग्राम मुलमुला निवासी चमरू राम देवांगन से 50 बोरा धान और 30 बोरा मक्का, ग्राम बालोण्ड निवासी घड़वा राम मरकाम से 20 बोरा धान और 50 बोरा मक्का, केशकाल निवासी मोहम्मद मैययाज खत्री से 37 बोरा धाम, ग्राम बरकई निवासी बलराम पाण्डे से 28 बोरा धान और 5 बोरा मक्का और ग्राम बिवला निवासी सुखराम मरकाम से 25 बोरा धान और 30 बोरा मक्का जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बड़ेराजपुर विखं में भी पकड़ा

इसी प्रकार बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम ग्राम गम्हरी के डागेश कुमार पांडेय द्वारा खुद का पट्टा नहीं होने पर 29 क्विंटल के 64 बोरी धान को पटेलपारा निवासी संत कुमार नेताम के घर अवैध भंडारण कराया जा रहा था, जिसे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 27 एल 3571 के साथ जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



### फर्म के लिए परिवहन करते वाहन पकड़ाया



इसके साथ ही गत दिवस कोण्डागांव विकासखंड के माकड़ी थाना अंतर्गत वाहन क्रमांक सीजी 27 जी 0130 को लगभग 202 क्विंटल के 450 बोरा धान के साथ बिना किसी दस्तावेज के मांजीसा एग्रो प्रोडक्ट फर्म के लिए परिवहन करते पाया गया। जिस पर कार्रवाई कर माकड़ी थाना के सुपुर्द किया गया।

### कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में समयसीमा की बैठक में दिए दिशा-निर्देश

# गुणवत्ताहीन बीज के कारण उत्पादन नहीं होने पर किसान ने कंपनी- विक्रेता पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को जिले में भव्य आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक ललित चन्द्राकर होंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को समय–सीमा की बैठक में आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समयसीमा की बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी केन्द्रों के लिए सीसीटीव्ही, इलेक्ट्रॉनिक बाट, माइस्चर मीटर, बायोमैट्रिक मशीन और आवश्यक पंजियों की व्यवस्था की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी केन्द्रों में पे–आउट की व्यवस्था कराने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी के दौरान कड़ी निगरानी के लिए चेक पोस्ट में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पत्र धारकों के फौती नामांतरण के प्रकरण का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके साथ ही राशन कार्डधारियों के ईकेवायसी कार्य, पशु संगणना कार्य और आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में उन्नयन कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली। इस अवसर पर डीएफओ रमेश जांगड़े व गुरूनाथन, जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगेगी

### जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

कलेक्टर श्री दुदावत ने समय–सीमा की बैठक के पश्चात जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान ग्राम रांधना निवासी बिकेश प्रधान ने गुणवत्ताहीन बीज के कारण उत्पादन नहीं होने पर बीज कंपनी एवं बीज विक्रेता दुकानदार पर कार्रवाई की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को जांच के लिए अग्रेषित किया। इसी प्रकार ग्राम बेचा निवासी श्रीमती सुबती बाई ने आवास, ग्राम खड़पड़ी निवासी भागीधर कश्यप हैण्डपंप और भुनेश्वर राठौर ने राजमिस्त्री कार्य को आगे बढ़ाने के लिए ऋण की मांग सहित कई आवेदन प्राप्त हुए।

# समर्थन मूल्य पर होगी धान खरीदी आज से

## 67 केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होगी। इसके लिए जिले के 67 उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिले के 55 हजार 271 किसानों में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले के सभी खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। जिससे उन्हें अपने धान बेचने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने कड़ी निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उन्होंने सभी समितियों के प्रभारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि धान खरीदी के कार्य में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं सतर्कता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केन्द्रों में साफ सफाई की उचित व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बायोमेट्रिक डिवाइस, सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, बारदाने, आर्द्रता मापक यंत्र सहित सभी आवश्यक पंजीयों की उपलब्धता की जानकारी ली।

- जिले के 55 हजार 271 किसान बेचेंगे धान

### 3 हजार 239 किसान बढ़े

खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के दौरान राज्य के किसानों से धान की खरीदी 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। धान खरीदी के लिए जिले में 67 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें जिले के 55 हजार 271 किसान अपना धान बेचेंगे। वर्ष 2023–24 की तुलना में इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या में 3 हजार 239 वृद्धि हुई है। धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। समितियों द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर धान खरीदी की जाएगी।

328 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# फरसगांव में विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**कोण्डागांव।** जिले के फरसगांव में विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का शुभारंभ आज केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आतिथ्य एवं गणेश दुग्गा की अध्यक्षता में आदर्श विद्यालय फरसगांव के खेल मैदान में हुआ। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस दौरान विधायक श्री टेकाम और कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मैदान में पहुंचकर खो खो खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। आज 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने खो–खो एवं रस्साकसी प्रतियोगिता में कुल 328 प्रतिभागियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। निर्धारित स्थल में कल बॉलीबॉल और कबड्डी खेल का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कोंडागांव, एस डी एम फरसगांव और सीईओ जनपद फरसगांव उपस्थित रहे।

# इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो बनाकर, ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



सोशल मीडिया पर लड़कियों की फोटो का गलत उपयोग कर, उन्हें एडिट कर अश्लील फोटो में बदलकर ब्लैकमेल करने वाले अविनाश दास मानिकपुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 2 सितंबर को थाना कोंडागांव में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर पोस्ट की थी। जिसे एक अज्ञात व्यक्ति ने फेक आईडी के माध्यम से डाउनलोड कर, अश्लील तरीके से एडिट कर दिया। इस फोटो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी पीड़िता से 2000 रुपये की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोंडागांव के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार आई.पी.एस के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में साइबर सेल के माध्यम से फेक इंस्टाग्राम अकाउंट और यूपीआई आईडी का पता लगाया गया। जांच में पता चला कि आरोपी अविनाश दास मानिकपुरी थाना सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर के एक अन्य अपराध में पहले से केंद्रीय जेल बिलासपुर में बंद है।

### आरोपी ने किया अपराध स्वीकार

प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी से पूछताछ की गई। जिसमें उसने इस अपराध को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी अविनाश दास उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पुडू, थाना रतनपुर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### इनका रहा योगदान

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार कोमरा, और प्रधान आरक्षक अशोक कुमार का विशेष योगदान रहा।

निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर रही

# पेनाल्टी शूटआउट में सीजी फुटबाल क्लब की जीत, एसएटी केरल को 5-3 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के सातवें दिन सीजी फुटबाल क्लब विरूद्ध सेट केरल के मध्य मैच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 गोल से बराबरी पर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट से फैसला हुआ जिसमें सीजी फुटबाल क्लब ने 5-3 से जीत दर्ज की। एसएटी केरला की ओर से पहला गोल मैच के दूसरे मिनट में जर्सी नम्बर 32 यासिन ने किया वहीं जर्सी नम्बर 16 ईमरान ने मैच के 8 वें व 86 वें मिनट में दो गोल किए। इसके जवाब में छग फुटबाल एसोसिएशन की ओर से जर्सी नम्बर 15 प्रणव ने मैच के 9 वें व 59 वें मिनट में दो गोल तथा जर्सी नम्बर 20 अखिलेश ने मैच के 39 वें मिनट में एक गोल किया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम 3-3 गोल से बराबरी पर रही। इसके बाद मुख्य निर्णायक विक्टर ने पेनाल्टी शूटआउट का फैसला लिया। पेनाल्टी शूटआउट में सीजी फुटबाल क्लब की ओर से जर्सी नम्बर 5 अजित, जर्सी नम्बर 18 मनोज, जर्सी नम्बर 20 अखिलेश, जर्सी नम्बर 7 प्रकाश व जर्सी नम्बर 11 अभिषेक ने 5 गोल किए इसके जवाब में सेट केरला की ओर से जर्सी नम्बर 16 ईमरान, जर्सी नम्बर 32 यासिन व जर्सी नम्बर 3 निहाल ने गोल किया। इस मुकाबले को पेनाल्टी शूट आउट में सीजी क्लब की टीम 5-3 से जीतने में कामयाब रही। मैच में मुख्य निर्णायक विक्टर के अलावा प्रफुल्ल कुमार, नितेश व रायसिंग रहे।

### आज पहला क्वार्टर व सेमी फायनल मुकाबला

मैच कमिश्नर विश्वजीत भट्टाचार्य ने बताया कि स्पर्धा के आठवें दिन पहला क्वार्टर व सेमी फायनल मुकाबला होगा। पहला क्वार्टर फायनल मुकाबला कोटपाड़ स्पोर्टिंग क्लब विरूध इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड केरल के मध्य खेला जाएगा। वहीं स्पर्धा का पहला सेमी फायनल मुकाबला व चेन्नई पुलिस विरूध डीएफए दंतेवाड़ा के बीच होगा।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी पर्व



**चारामा।** दीपावली के ग्यारहवें दिन बाद मनाया जाने वाला देवउठनी एकादशी पर्व नगर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इसे छोटी दीपावली के रूप में मान्यता दी जाती है और इसी के अनुरूप नगरवासियों में सुबह से ही विशेष उत्साह देखने को मिला। नगर में सुबह से ही रंगोली, गन्ना और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ देखी गई। लोग बड़े उत्साह के साथ इस पावन पर्व के लिए सजावट और पूजन सामग्री की खरीदारी करते नजर आए। इस अवसर पर कई गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। शाम होते ही नगर के घरों में दीप जलाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठा। घरों में महिलाओं ने श्रद्धा के साथ रंगोली सजाई। इसके साथ ही गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी के पौधे की पूजा की गई। बच्चों ने आतिशबाजी कर इस पर्व की खुशियां मनाई। देवउठनी एकादशी के इस शुभ अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और शुभ कार्यों की शुरुआत का संकल्प लिया। हिंदू परंपरा के अनुसार तुलसी विवाह के बाद सभी प्रकार के मांगलिक कार्य प्रारंभ करने का समय शुभ माना जाता है।

# छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** छत्तीसगढ़ संघर्ष मोर्चा प्रांतीय आव्हान पर चरणबद्ध आंदोलन के तहत मोदी के गारंटी को लागू करने के लिए एलबी संवर्ग की विभिन्न मांगों को लेकर जिला संचालक स्वदेश शुक्ला, उत्तम सिन्हा, ब्लाक संचालक बोधन साहू, घना नागराज के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी चारामा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एलबी संवर्ग की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति, प्रथम नियुक्ति तिथि से 20वर्ष में पूर्ण पेंशन, समस्त पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान एवं समयमान का विभागीय आदेश करने, केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित प्रदान करने व एलबी संवर्ग के पात्र शिक्षकों रिक्त पदों में पदोन्नति प्रदान करने के मांग शामिल है। जिला संचालक स्वदेश शुक्ला, उत्तम सिन्हा, ब्लाक संचालक बोधन साहू ने कहा अगर हमारी मांगो पर सकारात्मक चर्चा नहीं हुआ तो आने वाले समय में राजधानी में मोदी के गारंटी को याद दिलाने अधिकार यात्रा निकला जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालो में जिला सहसंचालक मनीष तिवारी, पुरुषोत्तम सोनवंशी, राजेंद्र खुडश्याम, महेश्वर कोटपारिया, ब्लाक संचालक बोधन साहू, पुरुषोत्तम मेश्राम, ब्लाक सह संचालक चिंतामणी यादव, धर्मेंद्र साहू, हरि सौंदर्य, पंचम नेताम, नीलू रजक, महिला प्रकोष्ठ से पीमन सिन्हा, संतोषी निर्मलकर, उमेश्वरी अवस्थी, भुवनेश्वरी साहू, प्रमिला सिन्हा, मोर्चा के सक्रिय सदस्य अमित सक्सेना, बसंत लांजेवार, योमन जैन, पप्पू सिन्हा, शत्रुघन कश्यप, दिलीप यादव, सुभाष साहू, हरिश्चंद साहू,निलेश राय उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक का इलाज जारी आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज



**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम बागोडार के पास खेत की ओर से आ रही ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आया। घायल को पास के अस्पताल में ले जाया गया। चिकित्सक ने घायल को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया। परिजनों ने घायल को रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया, जहां उसका इलाज जारी है। थाना में शिकायत करने पहुंचे सिंगारभाट निवासी 46 वर्षीय समरथ शोरी पिता स्व. धनसिंग शोरी ने बताया कि पत्नी का छोटा भाई 29 वर्षीय गुलेश्वर कुंजाम पिता दुलसिंह कुंजाम 8 नवंबर को सुबह करीबन साढ़े 9 बजे अपने मोटर सायकल में सवार होकर ग्राम पलेवा से कांकेर आ रहा था। बागोडार विजय साहू के घर के पास पहुंचा था कि खेत की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली क्रमांक सीजी 19 बीएस 5623 का चालक अपने ट्रैक्टर को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए गुलेश्वर कुंजाम के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गुलेश्वर कुंजाम के हाथ, पैर, मुंह , नाक, होंठ तथा मस्तक में गंभीर चोट आया। घायल को इलाज के लिए बागोडार के शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल को अधिक चोट लगने की वजह से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया। घायल को रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां पर उसका इलाज जारी है।

### विवेचना जारी

शिकायतकर्ता ने बताया कि अभी खेती किसानी का काम चल रहा है और ट्रैक्टर चालक बहुत ही लापरवाही ढंग से ट्रैक्टर को चलाते है, जिसके चलते इस तरह के हादसे हो रहे है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### प्रकाश पर्व पर सिक्ख समाज ने निकाला नगर कीर्तन

**कोण्डागांव।** गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज ने कोंडागांव में हर्षोल्लास से नगर कीर्तन का आयोजन किया। गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ यह नगर कीर्तन नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंचा। इस अवसर पर सिक्ख समाज के सदस्यों ने श्रद्धा और आस्था के साथ गुरु नानक देव के जीवन और उनके शिक्षाओं का स्मरण किया। नगर कीर्तन के दौरान सुसज्जित वाहन में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को पूरे सम्मान के साथ रखा गया था। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं द्वारा लगातार पुष्प वर्षा की जाती रही। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में आसपास के सिक्ख समुदाय के लोग शामिल हुए और हर जगह भक्ति का माहौल बना रहा। नगर कीर्तन के समापन पर गुरुद्वारा परिसर में विशेष कीर्तन एवं अरदास का आयोजन किया गया।

# दुर्गुकोंदल में भाजपा के चुनाव संगठन पर्व की मंडल स्तरीय कार्यशाला हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष, प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार 13 नवंबर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल की बैठक शक्ति केंद्र के बूथ स्तर पर चुनाव के परिपेक्ष्य में कार्यशाला आयोजित की गई। मंडल एवं शक्ति केन्द्र संगठन चुनाव कार्यशाला में मुख्य वक्ता मंडल संगठन पर्व चुनाव अधिकारी सर्वेश चौहान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने कि हम जिनके बल पर पूरे देश में राज करते हैं। ऐसे प्रत्येक बूथ के अध्यक्ष का चुनाव करना है। उन्हीं बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में योजनाओं को क्रियान्वित करने तथा अन्य दलों के साथ लड़कर जीतने के लिए हमेशा तत्परता के साथ काम करने वाले बूथ अध्यक्ष व उनकी टीम का चुनाव कार्य को संपन्न करना है। जितने भी शक्ति केंद्रों के संगठन पर चुनाव के प्रभारी सह प्रभारी बने हुए हैं, उनको इस संगठन का चुनाव को पूरी जिम्मेदारी के साथ समय पर पूरा करने का आग्रह किया है। मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी ने कहा कि आप सभी के अथक मेहनत का नतीजा है कि हम मंडल में ऑनलाइन व ऑफलाइन सदस्यता बना रहे हैं। हम सब अपने-अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं और नए सदस्यों को सक्रिय बनाने के लिए हर वर्ग के पास घर-घर जाकर लोगों से मिलकर प्राथमिक सदस्य बना रहे हैं। आप लोगों के पास अभी 2 दिन का समय शेष है। प्राथमिक सदस्यता जोड़ने का काम कर सकते हैं। अशोक जैन ने इस अवसर पर कहा कि हमें मंडल के 15 शक्ति केंद्रों के हर वर्ग के लोगों को जोड़ना है। आप लोग अच्छा मेहनत कर रहे हैं एवं हमें आने वाले समय के लिए नई टीम बनानी है। हर वोट में शक्ति केंद्रों में महिलाओं और युवा वर्ग को विशेष कर भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है। पार्टी की रीति नीति से अवगत कराना है।

कार्यशाला बैठक में विजय पटेल, संतो दुग्गा, शकुंतला नरेटी, नाग साय तुलावी, सियाराम जैन, रीना नरेटी, देवजी देहारी, कृष्णा दुग्गा, तुलसी मातलामी, बीरेंद्र देहारी, बिदेसिंह कल्लो, तुका पटेल, मनोज दुग्गा, विकास राजु नायक, प्रवीण ठाकुर, मनोज बघेल, संजय उइके, राजकुमार उसेंडी, सतीश जैन, मिलाफ बघेल, भगवान गावड़े, शिव जुर्री, यशवंत तिवारी, जागेश्वर तोप्पा, रघुनाथ मंडावी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित




**दंतेवाड़ा।** जिले के विकासखण्ड स्तरीय मेगा बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता हाई स्कूल मैदान में चार दिवसीय 9 नवम्बर से 12 नवम्बर तक जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजन किया गया। बस्तर ओलम्पिक में युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसका समापन 12 नवम्बर को किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा विजेताओं को मोमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदाय कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी गयी। बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग 14 वर्ष से 17 वर्ष बालक, बालिका और सीनियर वर्ग 17 वर्ष से ऊपर महिला, पुरुष के लिये कुल 11 विधाओं कुल 4916 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों द्वारा ईसीसीई गतिविधियों का प्रदर्शन



**दंतेवाड़ा।** 13 नवंबर को परियोजना स्तरीय ईसीसीई गतिविधियों का आयोजन गीदम में किया गया। बच्चों द्वारा कविता पाठ, बाल गीत, कहानी, चित्रकारी व आउट डोर गेम आदि गतिविधि किया गया। तोतले तोतले शब्दों में कविता कहानी बोलकर बच्चे बहुत खुश हुए। 3 से 6 वर्ष के बच्चों द्वारा मंच पर माइक से बोल पाना बहुत ही अतुलनीय है।

## निधन

### गणेश भारती



**भानपुरी।** बस्तर ब्लाक के सोरगांव निवासी गणेश भारती (56) का मंगलवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी पदस्थापना भी मा. शाला सोरगांव में ही थी। वे प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। उनकी अंतेष्टी मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे शशी भारती पूर्व सरपंच के भाई थे।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का हुआ चयन

# युवाओं के साथ महिलाएं भी दिखा रही दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मुख्यधारा में जोड़ने सहित उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है।

इस अनूठी पहल का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर उनके विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। इसकी शुरुआत सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़, सुकमा और कोंटा में हो चुकी है। गांव-गांव से सीधे विकाखण्ड स्तर पर खेलने आये लोगों में उल्लास और जोश का संचार कर रहा है, जिसमें बच्चे, बड़े, महिलाएं और बुजुर्ग सभी बड़े उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बस्तर ओलंपिक में कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकसी, खो-खो, फूटबाल, वॉलीबाल और तीरंदाजी जैसे खेल शामिल किए गए हैं।

इन खेलों का आयोजन न केवल बच्चों और युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है बल्कि महिलाओं और बुजुर्गों में भी जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के रूप में ये खेल संस्कृति और एकता के प्रतीक बन गए हैं, जो बस्तर क्षेत्र में विशेष महत्व रखते हैं।





### टीम की एकता और सहयोग ने दिलाई जीत

इसी गांव की हिरमलता नाग ने बताया कि उन्होंने कबड्डी खेल में भाग लिया और सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। अब उनकी टीम जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में खेलने के लिए चयनित हुई है, जिसे लेकर वे काफी उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा हमारा प्रदर्शन हमारी एकता और सहयोग का परिणाम है। इस जीत ने हमें प्रोत्साहित किया है और हम अब जिला स्तर पर भी अच्छे प्रदर्शन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

### लक्ष्मी की तीरंदाजी में भागीदारी पुरानी यादें हुई ताजा

छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम मारेगा की निवासी श्रीमती लक्ष्मी नाग ने तीरंदाजी स्पर्धा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा इस आयोजन ने हमारे बचपन की पुरानी यादें ताजा कर दी। तीरंदाजी हमारे गांव की परंपरा का हिस्सा रही है, जिसका उपयोग पहले शिकार के लिए किया जाता था। बचपन से ही मेरी इच्छा थी कि मैं भी तीरंदाजी में हिस्सा लूं। अब इस आयोजन ने मेरी इच्छा पूरी कर दी। लक्ष्मी नाग ने इसके लिए मुख्यमंत्री साय का आभार भी प्रकट किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा और उमंग का संचार

रस्साकसी में भी महिला वर्ग की टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपने जोश और एकजुटता का परिचय देते हुए जीत दर्ज की। महिला टीम की सदस्य लक्ष्मी बघेल उम्र 40 ग्राम पंचायत मारेगा ने कहा कि हम इस आयोजन के लिए बहुत खुश हैं और जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलने से गर्व महसूस कर रहे हैं। बस्तर ओलंपिक में युवा वर्ग का भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं का कहना है कि ये खेल हमारी संस्कृति को संजोने और मजबूत करने का काम कर रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को परंपरागत खेलों के प्रति आकर्षित किया जा रहा है, जो हमारी जड़ों को मजबूत बनाने में सहायक है। बस्तर ओलंपिक के आयोजन ने पूरे जिले में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जोश और उमंग देखकर स्पष्ट होता है कि खेल हमारे जीवन में सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा को संजोने का माध्यम भी हैं। बस्तर ओलंपिक ग्रामीणों को अपने पारंपरिक खेलों सहित मुख्यधारा से जोड़ रहा है।

बस्तर ओलंपिक में मुख्य रूप से बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल और माओवादी प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को शामिल किया गया है। इन क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं नैसर्गिक रूप से पाई जाती हैं। इस आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार का प्रयास है कि इन युवाओं की रचनात्मक खेल प्रतिभा को निखारा जाए और उन्हें खिलाड़ी के रूप में तैयार कर एक पहचान दी जाए।

# एनएमडीसी स्थापना दिवस पर दीर्घ सेवा पुरस्कार वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



देश की प्रमुख लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएमडीसी बचेली में मंगलवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर निगम में दीर्घ काल सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कार्मिकों को दीर्घ सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

एनएमडीसी बचेली परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में एनएमडीसी बचेली वर्क्स परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना के विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में परियोजना स्थित विभिन्न विद्यालयों यथा शिखर बाल विद्या मंदिर, डीएवी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय एवं प्रकाश विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

एनएमडीसी की सेवा में 20 वर्ष, 25 वर्ष, 30 वर्ष तथा 35 वर्ष की दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों को मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के करकमलों द्वारा दीर्घ सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने संबोधन में सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति एनएमडीसी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए निगम की सेवा में दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों के योगदान को रेखांकित किया एवं दीर्घ सेवा पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक कार्मिक ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बस्तर ओलंपिक खेल चिंगपाल में हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा विकासखंड में चल रहे बस्तर ओलंपिक खेल का आयोजन 11 एवं 12 नवंबर को किया गया। जिसका शुभारम्भ चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के द्वारा किया गया था। जिसमें सीनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही। व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल में चारों जोन के प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बस्तर ओलपिंक में शासन द्वारा निर्धारित खेलों को निर्धारित मापदंड के आधार पर खिलाया गया। चारो जोन के समस्त व्यक्ति गत एवं सामूहिक खेलों में जिला स्तरीय हेतु उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन बस्तर सांसद महेश कश्यप के गरिमामई उपस्थिति में किया गया। सांसद अपने उद्बोधन में खेल का व्यक्ति के जीवन पर महत्त्व के बारे में खिलाड़ियों को बताया की हार और जीत दोनों से ही हमें प्रेणा मिलती है, साथ ही उन्होंने ये भी बताया की में एक छोटे से गांव में कबड्डी खेलकर राष्ट्रीय स्तर में भी कबड्डी खेलकर नेशनल स्तर तक खेल चूका हूँ इसलिए आप भी अच्छा खेल का प्रदर्शन करे ताकि आप भी बड़े स्तर तक के आयोजन में खेल का प्रदर्शन कर अपने विकासखंड एवं जिला एवं राज्य का नाम रोशन करें। रोशन कर उज्वल भविष्य बना सकते है। इस कार्यक्रम में विकास खंड के समस्त जनप्रतिनिधि एवं जिला के समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही बस्तर ओलपिंक को शानदार निर्विवाद कराने में विकासखंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही खिलाड़ियों एवं समस्त कर्मचारियों के लिए भोजन व्यवस्था समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं छात्रावासों के अधीक्षकों के सहयोग से भोजन व्यवस्था की गई थी। विजेता खिलाड़ियों को ट्रापी एवं प्रमाण पत्र एवं पदक से सम्मानित किया गया। पूरे खेल के आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दरभा जनपद पंचायत की अहम भूमिका रही। उन्होंने दरभा विकासखंड के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

# धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठनी एकादशी तथा तुलसी विवाह का पर्व धूमधाम से मनाया गया। देवउठनी एकादशी के अवसर पर सुबह से ही बाजार व दुकानों में काफी भीड़ रही। लोगों ने दिन भर उपवास रखा। लोगों ने अपने घर के तुलसी चौरा की साफ-सफाई तथा पुताई कर तुलसी माता की पूजा अर्चना की और तुलसी माता को नई फसल का चावल, गन्ना, चना भाजी, आवंला, कच्चा सिंघाड़ा, आदि अर्पित किया।

घरों में दीप प्रज्वलित किये गए और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक माह की एकादशी के दिन ही



भगवान विष्णु चार माह की क्षीर निंद्रा के बाद सोकर उठते है, इस कारण ही इसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसी दिन से हिन्दू धर्म में मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृहप्रवेश, नामकरण आदि की शुरुआत होती है। नगर में देवउठनी एकादशी पर्व के लिए सुबह से ही दुकानों में ख़रीददारी देखी गई। बाजार में आम दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ भाड़ रही। पर्व के मद्देनजर नगर में गन्ना तीस से सौ रुपये प्रति नग तक बेचा गया। दुकानदारों ने सभी पूजन सामग्रियों की कीमतों में सामान्य दिनों की अपेक्षा में बढ़ोतरी कर दी थी। तुलसी पूजन के बाद जमकर आतिशबाजी हुई।




# महिला डॉक्टर पहुंची नक्सल प्रभावित केरलापेंदा व लखापाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्टा

जिले के अतिनक्सल प्रभावित चिंतलनार थाना क्षेत्र के केरलापेंदा व लखापाल में इन दिनों मौसमी बीमारी से सैकड़ों लोग ग्रसीत है। जिसके सूचना मिलने पर सीआरपीएफ के कमांडेंट हिमांशु

■ मौसमी बीमारियों से ग्रसित ग्रामीणों के उपचार के लिए आयोजित किया कैम्प

पांडे के निर्देशन पर केरलापेंदा व लखापाल में मेडिकल कैम्प लगया गया। जिसमें वाहिनी के एमबीबीएस महिला डॉक्टर मनोगना टी. के द्वारा एवं अस्सिटेंट कमांडेंट रोशन लाल किरत बोपाराय के मौजूदगी में मेडिकल कैम्प लगाया गया । जिसमें सैंकड़ो ग्रामीणों ने स्वस्थ्य जांच व निशुल्क दवा प्राप्त किया। वही आस




पास के करीब पांच सौ से अधिक ग्रामीणों इस मेडिकल कैम्प में स्वास्थ्य लाभ लिया।

महिला एमबीबीएस डॉक्टर जो इन दिनों सीआरपीएफ 74वीं वाहिनी में पदस्थ है। जिसके द्वारा केरलापेंदा व लखापाल पहुंच कर वहां ग्रामीणों की सेवा कर रही है । वहीं वाहिनी के कमांडेंट हिमांशु पांडे के मार्गदर्शन व निर्देशन में क्षेत्र की सुरक्षा के साथ ग्रामीणों की भी निशुल्क उपचार किया जा रहा है। ताकि इस मौसमी बीमारियों से ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सके। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच कर उपचार करवा कर स्वास्थ्य लाभ लिया। जहां उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। पहली बार एक महिला एमबीबीएस डॉक्टर केरलापेंदा व लखापाल जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंच आम नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही डॉक्टर ने कहा कि इन क्षेत्रों में प्रयाप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण मौसमी बीमारियों से उपचार कराने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए कमांडेंट हिमांशु पांडे के निर्देशन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार करते हुए दवाइयां दी गई। वहीं उन्हें इस मौसम में साफ सफाई पर ध्यान देने स्वच्छ पानी पीने व मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करने की समझाइश भी दी गई। सीआरपीएफ 74वी बटालियन के कमांडेंट हिमांशु पांडे ने बताया कि हमारी वाहिनी को केरलापेंदा व लखापाल के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया ताकि इन क्षेत्रों का विकास हो सके और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित ना हो पाए वहीं क्षेत्र वासियों के जरूरत के अनुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से हम सेवा भी करते रहते है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# विधायक ने किया अलेख महिमा मंदिर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ईच्छापुर-2 में अलेख महिमा के माता बहनें एवं सदस्यों द्वारा ग्राम चौक में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल का नाच-गान नृत्य के साथ तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया।

आश्रम से आये बाबाओं की चरण स्पर्श कर बस्तर विधायक ने लोगों की सुख समृद्धि एवं मंगलकामना के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। अलेख महिमा के साथ दिव्य प्रवचन देकर बाबा ने समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की महात्मा भीम भोई के शिष्य बाबा उदयनाथ ने काडसर के जंगल में एक कुटिया बनाकर छत्तीसगढ़ में इस पंथ का विस्तार किया था। आज बाबा उदयनाथ गौ सेवक के रूप में विख्यात हैं। उनका आश्रम अलेख महिमा गौशाला के रूप में विकसित हुआ है। श्री बघेल ने कहा की पंथ के प्रमुख बाबा उदयनाथ कहते हैं कि 1998 में इसकी शुरुआत 20 से 30 लोगों



के साथ हुई थी। निराकार शून्य की आराधना करने वाला यह पंथ योग साधना और संतुलित आहार पर केंद्रित है।

आज समूचे बस्तर जिला के साथ-साथ दूसरे जिला एवं राज्यों में भी लोग अपनी आस्ता रखते हुए बड़ी संख्या में लोग बाबाओं की प्रेरणा से प्रेरित हो रहे हैं। मानव जीवन में एक अच्छे कार्य करने हेतु ही यह जीवन हमें प्राप्त होता हैं। इस दौरान मौजूद रहे मानसिंह कवासी, रुपसाय कोर्राम, बुदरू बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार एवं समस्त अलेख महिमा के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रतेसरा, सराधुनवागांव व रामपुर में मना हर घर जल उत्सव

**कांकेर।** नरहरपुर विकासखण्ड के रामपुर और चारामा विकासखण्ड के रतेसरा और सराधुनावागांव में नल से जल प्रदाय करने की मुहिम अंतर्गत ग्राम के सभी घरों में जलप्रदाय योजना प्रारंभ किया गया। ग्राम सभा का आयोजन कर जिला समवन्यक द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी गई और योजना को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ग्रामवासियों को बताया गया। समिति के सभी सदस्यों को योजना संचालन-संधारण के सम्बन्ध में पंप ऑपरेटर एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम सभा में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के तहत पानी का सीमित मात्रा में उपयोग करने, जल बचाव, किचन, गार्डन जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई और उन्हें जागरूक किया गया।

### पंचायत स्तर पर जनजाति गौरव दिवस पर आयोजन होगा कल

**दुर्गुकोंदल।** झारखंड के आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जनजाति द्वारा गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने के लिए वर्ष 2025 को जनजाति गौरव वर्ष घोषित करने राज्य जिला एवं जनपद पंचायत स्तर पर वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करने के लिए 15 नवंबर को अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार अधिनियम पेसा एवं वन अधिकार अधिनियम एफआरए ग्रामों में विशेष ग्राम सभा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला प्रशिक्षण का एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जाने के शासन से निर्देश है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया है कि शासन के निर्देश के परिपालन में आज 14 नवंबर को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में विकासखंड के 44 ग्राम पंचायत के 126 गांव का चयन किया गया है, जिसमें प्रभारी अधिकारी एवं कार्यवाही पंजीयन प्रभारी का एक दिवास प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण जिला स्तर के मास्टर ट्रेडर्स के द्वारा दिया जाएगा, जिसमें सभी शिक्षकों एवं रोजगार सहायकों को उपस्थित होना अनिवार्य है।

## तैयारी : जिले के 149 उपार्जन केन्द्रों में धान बेचेंगे 1.04 लाख पंजीकृत किसान

# धान की खरीदी आज से होगी शुरू, 31 सौ रुपए प्रति क्विं. के मान से बैंक खातों में अंतरित होगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



- पिछले वर्ष की तुलना में 3 हजार 754 किसान बढ़े

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार एक बार फिर अपना वायदा निभाने जा रही है। मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के मेहनतकश किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान के एक-एक दाने की कीमत राज्य सरकार देने जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कांकेर जिले के 1 लाख 4 हजार 991 पंजीकृत किसान यहां के 149 धान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेचेंगे।

जिला खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक ने बताया कि कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सभी 149 खरीदी केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए जिले के पंजीकृत किसानों से 5 लाख 44 हजार 224 मेट्रिक टन धान उपार्जित किए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए 01 लाख 43 हजार 211 हेक्टेयर पंजीकृत रकबा है, जिसकी गिरदावरी और भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह भी बताया गया है कि गत वर्ष 2023-24 की तुलना में इस वर्ष 3 हजार 754 कृषक और 01 हजार 731 रकबा में वृद्धि हुई है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि किसानों को धान विक्रय करने की प्रक्रिया और अधिक सरलीकृत किया गया है, जिसके तहत चार प्रकार से किसान अपना धान सकेंगे। अर्थात किसान स्वयं जाकर अथवा उनके नहीं आ पाने की दशा में नॉमिनी के माध्यम से धान बेच सकेगा। इसके अलावा बॉयोमेट्रिक मशीन के माध्यम से अपने अंगूठे या आंखों की आइरिश मैचिंग के जरिए भी धान विक्रय कर सकता है। इसी तरह ट्रस्टेड पर्सन विश्वसनीय व्यक्ति अथवा ओटीपी के माध्यम से भी किसान धान बेच पाएंगे। किन्तु इन सभी माध्यमों का उपयोग करते समय विक्रेता के पास किसान किताब ऋण पुस्तिका का होना अनिवार्य है। धान विक्रय का इंद्राज इसी आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि धान बेचने के लिए टोकन दो तरह से काटे जाएंगे। पहला किसान स्वयं संबंधित समिति में जाकर टोकन कटवा सकता है अथवा ऑनलाइन माध्यम से यानी टोकन तुंहर हाथ नामक एप अपने मोबाइल में इंस्टाल करके ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकेगा। इस तरह छत्तीसगढ़ देश का ऐसा पहला राज्य है जहां के किसानों को उनके धान के एक-एक दाने की कीमत दी जा रही है। शासन द्वारा 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान खरीदी की जाएगी, जिसमें समर्थन मूल्य पर मोटा धान 2300 रूपए प्रति क्विंटल और पतला धान 2320 रूपए प्रति क्विंटल से खरीदा जाएगा, शेष राशि किसानों को प्रोत्साहन स्वरूप उनके बैंक खातों में एकमुश्त अंतरित की जाएगी।

### बड़े किसानों को 30 और छोटे किसानों को 70 फीसदी टोकन

इस बार लघु या सीमांत कृषक जिनका खेत 5 एकड़ से कम है, वे अपना धान बेचने अब अधिकतम दो बार टोकन प्राप्त कर सकते हैं। बड़े किसान अर्थात 5 एकड़ अधिक कृषि भूमि वाले किसान अधिकतम तीन टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत इस बार एक और सुविधा दी गई है, जिसमें बड़े किसानों को 30 प्रतिशत और छोटे किसानों को 70 फीसदी टोकन जारी किया जाएगा।

## चारामा के मिनी स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक हुआ प्रारंभ युवा ले रहे हैं बढ़-चढ़कर हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजातीय बहुल क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल को बढ़ावा देना है, बल्कि शासन और जनता के बीच सुदृढ़ संबंध स्थापित करना भी है। चारामा के शहीद वीर नारायण सिंह मिनी स्टेडियम में 13 नवंबर से 16 नवंबर तक विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बस्तर ओलंपिक का आयोजन पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है, जिसमें चारामा क्षेत्र के सैकड़ों युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित किया गया था। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए केआर साहू खंड शिक्षा अधिकारी चारामा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और साथ ही प्रचार्यों एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों को भी सहायक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और बस्तर ओलंपिक जैसी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए शासन का यह प्रयास सराहनीय है।

### युवाओं को दिया जा रहा मंच

उल्लेखनीय है कि बस्तर ओलंपिक के माध्यम से खेल और संस्कृति के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को न केवल एक मंच प्रदान किया जा रहा है, बल्कि उन्हें खेल जगत में पहचान बनाने का अवसर भी मिल रहा है।

# बस्तर ओलंपिक- 2024 का उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गूकोंदल में हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



राज्य का बस्तर संभाग अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है। यहां खेल के क्षेत्र में अपार नैसर्गिक क्षमता विद्यमान है। इस क्षेत्र में शासन एवं जनता के मध्य मजबूत एवं प्रत्यक्ष संबंध स्थापित कर यहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने उनके रचनात्मक खेल प्रतिभा को पहचानकर, खिलाड़ी के रूप में तैयार करने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 आयोजन किए जाने का उद्देश्य निहित है। इसी तारतम्य में जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के उन्मुक्त खेल मैदान में जूनियर आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष के प्रतिभागियों का खेल 13 नवंबर बुधवार से आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारीं व सरस्वती माता की छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ को अतिथियों ने हरी झंड़ी दिखाकर खेल का प्रारंभ किया। इसी तारतम्य के 200 मी, 400 मी दौड़ बालक, बालिका वर्ग की प्रतिस्पर्धा करवाई गई। खेल प्रभारी अंजनी मंडावी ने बताया कि यह विकासखंड स्तरीय आयोजन दो वर्गों 14 से 17 वर्ष एवं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में चार दिवस तक होनी है, जिसमें प्रारंभ के दो दिवस जूनियर वर्ग एवं अंतिम के दो दिवस सीनियर वर्ग का होगा। बस्तर ओलंपिक 2024 विकासखंड दुर्गुकोंदल के शुभारंभ के अवसर पर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग, जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका, व्यायाम शिक्षक, पर्यवेक्षक, परिचारिका, चतुर्थ कर्मचारी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। इस प्रतियोगिता में लगभग 1700 से ऊपर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। उक्त खिलाड़ियों को युवा एवं कल्याण विभाग की ओर से जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के द्वारा ड्रेस प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ सुरेन्द्र बंजारे ने कहा कि बस्तर ओलंपिक शासन की महत्वकांक्षी योजना है। इस आयोजन से प्रतिभागियों को एक प्लेटफॉर्म प्रदान किया जा रहा है, उन्होंने समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इन खेलों की हुई प्रतियोगिता

बस्तर ओलंपिक में एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मी, 200 मी, 400 मी, लंबीकूद, ऊंची कूद, गोलफेक, भाला फेंक, 400 व 100मी रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी का आयोजन किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संतोबाई दुग्गा, अध्यक्षता सरपंच खुटगांव रीना नरेटी, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मनीषा मंडावी, सविता उयके, जोहन गावड़े, राधा अशोक जैन, देवेंद्र टेकाम, देवलाल नरेटी, नागसाय तुलावी, पीलम नरेटी, विजय पटेल, अशोक जैन, शकुन्तला नरेंटी, पार्वती शोरी, कृष्ण कुमार दुग्गा, सरपंच चिहरों, विदेसिंह कल्लो, संतुराम नरेटी, बैजनाथ नरेटी, चैनुराम नरेंटी ग्राम गायता, तहसीलदार केतन कुमार भोयर, बीईओ एसपी कोसरे, एबीईओ अंजनी मंडावी, थाना प्रभारी योगेश्वर सोनी, पंचायत इंस्पेक्टर आरके किशोरे, मंच संचालक ललित कुमार नरेटी, हेमंत कुमार श्रीवास्तव, किशोर विश्वकर्मा, राजकुमार चंद्राकर, शंकर नागवंशी, रामचंद्र दुग्गे, हेमलाल खरे, बलराम भोयर, योगेश मरकाम, प्राचार्य श्यामलाल नेगी, रघुनाथ साहू, घनाराम कश्यप, हीरानंद कोठारी, नीलकंठ ठाकुर, राजबाई पोटाई, इरशाद बोहरा उपस्थित रहे।

## जिला स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन होगा कल, प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व वंशजों का होगा सम्मान

झारखण्ड के आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार राज्य के जमुई से वर्चुअली जुड़कर संबोधित करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके वंशजों का भी सम्मान किया जाएगा।

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का जिला स्तर पर एक दिवसीय आयोजन पीएमश्री नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के नर्तक दल द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुख एवं जनपद पंचायत के सीईओ को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जन जागरूकता शिविर का विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत गतिविधियों में आयोजन, विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि कार्यक्रम स्थल में विभागवार विभागीय गतिविधियों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, मोबाईल मेडिकल यूनिट, आयुष्मान कार्ड वितरण, वन विभाग वनोपज से संबंधित वस्तुओं का स्टॉल, चिप्स ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आधार कार्ड, कृषि विभाग द्वारा पीएम-किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा हेल्प कार्ड आदि से संबंधित गतिविधि एवं किट प्रदाय किया जाएगा। आवास योजना-हितग्राहियों को नवनिर्मित आवास गृह सौंपा जाना, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास वन अधिकार मान्यता पत्र, महिला एवं बाल विकास विकास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास-स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पाद सामग्री से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

पीएम जनमन एवं जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम स्तर, विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार सभी चिन्हांकित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम, सतत विकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थानीयकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा की जाएगी।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेगा

इसके अलावा जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर, छात्रावास-आश्रमों एवं प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर आश्रम, छात्रावास, एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच खेलकूद, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, छात्रवृत्ति संबंधी जागरूकता, कैरियर काउंसलिंग, चित्रकारी भाषा एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

### कोचिए के कब्जे से सवा चार लीटर अंग्रेजी शराब जब्त



**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति डोंगरीपारा कोकपुर में अपने घर के बाड़ी में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने आरोपी के घर बाड़ी में 12 नवंबर की शाम 6 बजे दबिश देते हुए कोकपुर डोंगरीपारा निवासी 38 वर्षीय शिव कुमार मण्डावी पिता स्व. जोगी राम मण्डावी को दबोचा और उसके कब्जे से एक काले रंग के बैग से 750 एमएल वाला 4 बोतल सिम्बा कंपनी का बियर, 180 एमएल वाला 4 शीशी गोल्डन गोवा कंपनी का व्हिस्की शराब, 180 एमएल वाला 3 शीशी देशी प्लेन शराब कुल 4 लीटर 260 एमएल शराब तथा नगद 100 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




कांकेर थानांतर्गत बाईपास कोड़ेजुंगा चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को संजीवनी 108 वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 17 जून को मृतक कन्हनपुरी निवासी 20 वर्षीय सोमेन्द्र कुमार सुरोजिया पिता विरेन्द्र सुरोजिया अपने मोटर सायकल सीजी 19 बीएम 3311 में सवार होकर भानुप्रतापपुर रोड से कन्हनपुरी जा रहा था। रात करीबन 8 बजे कांकेर बाइपास कोडेजुंगा चौक के पास पहुंचा था कि अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे बाइक सवार के सिर एवं हाथ-पैर में गंभीर चोट लगा था। घायल युवक को इलाज के लिए संजीवनी 108 वाहन से जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां इलाज के दौरान 18 जून को सुबह 10 बजे मौत हो गया। मृतक की मौत अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई गंभीर चोट से होना पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304(ए) भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गंभीर चोट लगने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत परकी निवासी रामसिंह नेताम का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से 12 नवंबर को मौत हो गया। परकी निवासी नरसिंह नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल में सवार होकर अपने निजी काम से जा रहा था। साहकट्टा मोड़ के पास मोटर सायकल समेट गिरने से आई गंभीर चोट की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## घर में मंडप बनाकर किया तुलसी विवाह



- जिले के ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनी देवउठनी एकादशी

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम दसपुर, पटौद, बेवरती एवं सरंगपाल सहित ग्रामीण अंचलो में देवउठनी एकादशी का पर्व उत्साह व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घर में गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी विवाह कराया। दिवाली की तरह घर में दीए जलाए गए, इसलिए इसे छोटी दिवाली भी कहा जाता है। दसपुर के साहूपारा में लोगों ने एक साथ एकादशी पर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर बच्चों ने पटाखे फोड़ कर एकादशी का पर्व उत्साह के साथ मनाया। एकादशी पर्व के बाद से सभी मांगलिक कार्यों की शुरुवात हो जाती है। इस दिन लोग व्रत रख कर पर्व पर अपनी आस्था प्रगट करते हैं। घर-घरों आगन में गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी एवं शालीग्राम का विवाह कराया गया। शास्त्रों में कार्तिक मास को सबसे पवित्र माना गया है। कार्तिक मास में ही धनतेरस दिवाली और तुलसी विवाह जैसे पवित्र पर्व मनाए जाते हैं। मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास में जो भी लोग नियमानुसार तुलसी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन पर भगवान विष्णु की कृपा हमेशा बनी रहती हैं।

### मिलती है समृद्धि

मान्यता है कि इस पवित्र मास में भगवान श्री हरि को तुलसी चढ़ाने फल गन्ना, केला, चना मुली, बीही, बेर, कच्चा सिमांड़ा, बैगन, भाजी, केला, मुली व सेव फल गोदान के फल चढ़ाने से समृद्धि लाभ मिलता है।







